# चीनी निर्यात की जल्दी अधिसूचना जारी करने की मांग

नई दिल्ली • चीनी उद्योग के संगठन इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने सरकार से मुक्त चीनी निर्यात की अनुमति देने के लिए जल्द अधिसूचना जारी करने की मांग की है। इस्मा का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जल्द से जल्द चीनी का निर्यात होने से ही मिलों को फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अध्यक्षता वाली अंतरमंत्रालयीय बैठक में पिछले दो मई को सरकार ने चीनी निर्यात से मात्रात्मक प्रतिबंध हटाने का फैसला किया था। इस प्रतिबंध के हटने के बाद मिलों को ओपन जनरल लाइसेंस के तहत मनचाही मात्रा में चीनी निर्यात की अनुमति मिल गई थी। इस्मा ने कहा कि देश में चीनी का उत्पादन घरेलू मांग से काफी ज्यादा है और देश में करीब 40 लाख टन अतिरिक्त चीनी उपलब्ध है। इस चीनी का निर्यात किया जा सकता है। (प्रेट्र)